# त्रैमासिक परीक्षा 2021-22

**विषय - हिन्दी**

**कक्षा - 11 वीं**

समय : 2.30 घंटे पूर्णांक-80

निर्देश : 1. प्रश्न क्रमांक 1 से लेकर प्रश्न क्र. 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है जिनके लिए 1 अंक निर्धारित है। 2. प्रश्न क्र. 6 से 15 तक के लिए अति लघुत्तरीय प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। (शब्द सीमा - 30 शब्द) । 3. प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक लघुत्तरीय प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा - 75 शब्द) । 4. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुत्तरीय प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा - 120 शब्द)

**प्र.1 सही विकल्प का चयन कीजिए-** 6

(क) कबीर की भाषा को कहा जाता है -

(अ) ब्रज भाषा (ब) परिष्कृत भाषा (स) अवधि भाषा (द) सधुक्कड़ी पचमेल खिचड़ी।

(ख) खण्डकाव्य "पथिक" निम्न की रचना है -

(अ) त्रिलोचन सिंह (ब) राम नरेश त्रिपाठी (स) दुष्यतं की (द) कबीरदास की।

(ग) निम्न में से छायावादी कवि हैं -

(अ) सुमित्रानंदन पंत (ब) दुष्यंत कुमार (स) मुक्ति बोध (द) त्रिलोचन

(घ) अमृतराय किस प्रसिद्ध लेखक के पुत्र हैं -

(अ) महादेवी वर्मा (ब) शेखर जोशी (स) प्रेमचंद (द) जैनेन्द्र कुमार

(ङ) कुंई की खुदाई किस औजार से की जाती है -

(अ) कुल्हाड़ी (ब) फावड़ा (स) बसौली (द) छैनी-हथौड़ा

(च) जनसंचार के माध्यम हैं -

(अ) टेलीविजन (ब) मोबाइल इंटरनेट (स) पुस्तकें व समाचार (द) उपरोक्त सभी

**प्र.2 खाली स्थान भरो -** 7

(क) चित्रपट संगीत का पर्याय............. कहा जाता है। (लतामंगेशकर/नूरजहां)

(ख) हिन्दी भाषा का पहला समाचार पत्र ........ है। (उदंत मार्तण्ड/बंगाल गजट)

(ग) वर्णों की गिनती पर आधारित छंद को ........... कहते हैं। (मात्रिक/वार्णिक)

(घ) तुम तो उल्लू हो वाक्य में ................. शब्द शक्ति है। (लक्षणा/व्यंजना)

(ङ) घनघोर वर्षा के समय कवि की आंखों में स्मृतियां............... उभर रही हैं। (समाज की/घर की)

(च) कबीरदासजी ने ईश्वर की ................ सत्ता मानी है। (एक/चार)

(छ) दुनिया सोती थी, पर दुनियां की जीभ जागती थी यह कथन प्रेमचंद की कहानी ................ का है। (पंच परमेश्वर/नमक का दारोगा)

**प्र.3 सत्य/असत्य कथन लिखिए-** 6

1. पंचवटी काव्य, महाकाव्य की श्रेणी में आता है।
2. भक्तिकाल के प्रमुख कवि सूर, तुलसी, मीरा और कबारदास हैं
3. पुरोहित वंशीधर अपने पुत्र को पढ़ा-लिखाकर बड़ा आदमी बनाना चाहते हैं।
4. मियां नुसरूद्दीन केवल पांच किस्म की रोटियां पकाने के लिए मशहूर थे।

5. स्वर कोकिला सरोजनी नायडू को माना जाता है।
6. सुमित्रानंदन पंत प्रकृति के सुकुमार कवि है।

प्र 4 सही जोड़ी बनाइये - 6

| (क) | (ख) |
|---|---|
| 1. कबीरदास का जन्म | (अ) लता मंगेशकर |
| 2. नरसी जी रो माहेरो | (ब) राजस्थान की रजत बूंदे |
| 3. स्वर सामग्री | (स) प्रेमचंद |
| 4. अनुपम मिश्र | (द) मीरा बाई |
| 5. शेखर जोशी | (य) गलना लोहा |
| 6. कहानी - उपन्यास सम्राट | (र) लहरतारा। । |
| | (ल) दिल्ली के निकट सीही ग्राम |

प्र.5 एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर दीजिए- 7

1. मीरा बाई आजीवन किस इष्टदेव की आराधना करती रही।
2. ईद का चांद होना मुहावरे का सही अर्थ लिखिए।
3. किन्हीं दो महाकाव्यों एवं दो खण्ड काव्यों के नाम लिखिये।
4. मुझे केवल - मात्र पांच रुपए चाहिए। वाक्य को शुद्ध करके लिखिये ?
5. भक्ति काल को कितने भागों में बांटा गया है नाम लिखिये ?
6. कबीरदास जी ने कुम्हार को किस का प्रतीक माना है ?
7. छायावाद के आधार स्तंभ कवियों के नाम लिखिये ?

प्र.6 भक्ति काल को स्वर्ण युग क्यों कहा जाता है ?

अथवा मीरा बाई ने कृष्ण की भक्ति किस रूप में की है ? 2 अंक

प्र.7 जनसंचार के प्रमुख दो माध्यमों के नाम लिखिए।

अथवा छायावादी काव्य के आधार स्तंभ कवियों के नाम लिखिये। 2 अंक

प्र.8 मानव शरीर का निर्माण किन पांच तत्वों से मिलकर हुआ है। नाम लिखिए।

अथवा रीतिकाल के प्रमुख कवियों के नाम लिखिये। 2 अंक

प्र.9 प्रगतिवाद की दो विशेषताएँ लिखिए।

अथवा सुमित्रानंदन पंत निराला, छायावाद के साथ-साथ और किस वाद से जुड़े। 2 अंक

प्र.10 रामभक्ति शाखा के प्रमुख कवि तुलसी दास जी ने अपना प्रसिद्ध ग्रंथ रामचरित मानस मुख्य रूप से किस छंद में लिखा।

अथवा आधुनिक काल का आरंभ किस युग से माना जाता है ? 2 अंक

प्र.11 पथिक का मन कहाँ विचरना चाहता है।

अथवा भारत का प्रथम समाचार वाचक किसे माना जाता है ? 2 अंक

प्र.12 जनसंचार के आधुनिक माध्यम कौन-कौन से हैं ?

अथवा किसान अपने व्यवसाय से क्यों पलायन कर रहे है ? 2 अंक

प्र.13 महाभारत में युद्ध का सजीव चित्रण करने वाले वाचक कौन थे ?

अथवा विष का प्याला राणा जी ने भेजा, पीवत मीरा हांसी रे पंक्ति का भाव लिखिए ? 2 अंक

प्र.14. डायरी लेखन से आप क्या समझते हो ?

2 अंक

अथवा पंडित अलोपोदीन के नमक की गाड़ियां कहां, क्यों, किसने रोकी थी ?

प्र.15 कुंई की खुदाई-चिनाई करते समय चेंजारों अपने सिर पर टोपी क्यो पहनते हैं? 2 अंक

अथवा न्याय और नीति सब लक्ष्मी के खिलौने हैं वह जैसे चाहे नचाती है। भाव लिखिए।

प्र.16 **कबीर अथवा मीराबाई का** साहित्यिक **परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखो।** **3 अंक**

1. रचनाएँ 2. भावपक्ष 3. कलापक्ष 4. साहित्य में स्थान

प्र.17 **प्रेमचंद अथवा शेखर जोशी का** साहित्यिक **परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए।** **3 अंक**

1. रचनाएँ 2. भाषा 3. शैली 4. साहित्य में स्थान

प्र.18 बिरादरी का यही सहारा होता है। गलता लोहा कहानी के कथन के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ? 3 अंक

1. किसने, किससे कहा? 2. किस प्रसंग में यह कहा गया ?
3. क्या यह कथन सार्थक रहा ?

**अथवा** महाकाव्य की प्रमुख विशेषताएँ लिखकर चार महाकाव्यों के नाम लिखिए।

प्र.19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए ? 3 अंक

शुद्ध हृदय से क्या आप लोगों ने कभी विचार किया है कि माता, मातृभूमि और मातृभाषा का आप पर कुछ ऋण भी या नहीं ? एक जननी आपको जन्म देती है एक की गोद में खेल कूदकर और खा-पीकर आप पुष्ट होते हैं और एक आपको अपने भावों को प्रकट करने की शक्ति दे, आपके सांसारिक जीवन को सुखमय बनाती है। जिसका आप पर इतना उपकार है, उसके लिए कुछ करना क्या आपका परम कर्त्तव्य नहीं हैं? प्यारे, भाइयों उठो, आलस छोड़ो, कमर कसो और अपनी मातृभाषा की सेवा में तत्पर हो जाओ, अपने मातृ ण से मुक्त करो। संसार में सपूत कहलाओ और मातृसेवकों में अपनी कीर्ति छोड़ जाओ परन्तु ध्यान रहे यह व्रत साधारण नहीं है। इस व्रत का पालन करना तलवार की धार पर चलने के समान है।

1. हमारे ऊपर किसका उपकार है ?
   (अ) माता (ब) मातृभूमि (स) मातृभाषा (द) मातृ सेवकों पर
2. लेखक किसकी सेवा करने के लिये कह रहा है ?
   (अ) मातृभाषा की (ब) माता और मातृभूमि का
   (स) माता और मातृभूमि मातृभाषा का (द) संसार की
3. ऋण का विलोम शब्द लिखिए।
   (अ) सुऋण (ब) कुऋण (स) पूंजी (द) उऋण
4. तलवार की धार पर चलने का क्या अर्थ है ?
   (अ) कठिन कार्य (ब) असंभव कार्य
   (स) मेहनत करना (द) सीधी पतली रेखा पर चलना
5. उपर्युक्त गद्यांश है-
   (अ) आदेशात्मक है (ब) उपदेशात्मक है (स) प्रेरणाप्रद है (द) इच्छात्मक है
6. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिये ।

अथवा **निम्न लिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

कहा दासी ने धीरज त्याग, लगे इस मेरे मुंह में आग।
मुझे क्या, मैं होती हूँ कौन ? नहीं रहती फिर क्यों मौन ?
देखकर किन्तु स्वामी हित घात, निकल ही जाती है बात।
इधर भोली है जैसी आप, समझती सबको वैसी आप।
नहीं तो यह सीधा षड़यंत्र, रचा क्यों जाता यहाँ स्वतंत्र ?
महारानी सज लेती क्या सब साज ? सहज सह लते ी क्या सब जाज ?

1. दासी कौन है..............(1) मंथरा (2) कैकेयी (3) कुब्जा (4) मालिक
2. मंथरा क्यों दुखी है ?.......(1) राम राजा बन रहे हैं (2) भरत घर पर नहीं है (3) कैकेयी का अहित हो रहा है। (4) कौशल्या ने षड़यंत्र रचा है।
3. मंथरा के अनुसार .......(1) कैकेयी सीधी है, षड़यंत्र को नहीं जानती (2) कैकेयी ने ही भरत को ननिहाल भेजा (3) कैकेयी का ही षड़यंत्र है (4) मथरा को दशरथ की चाल का पता है।

**प्र.20 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए- 4 अंक**

(क) संतों देखत जग बौराना।
सांच कहौं तो मारन धावै, झूठे जग पतियाना।
नेमी देखे धरमी देखे, प्राप्त करै असनाना।
आतम भारि पखनहि पूजै, उनमें कुछ नहिं जाना।
बहुतक देखा पीर औलिया, पढै कितैब कुराना।
कै मुरीद तदवीर बतावैं, उनमें उहै जो ज्ञाना।

**अथवा** पग घुंघरू बाँधि मीरा नांची,
मैं तो मेरे नारायण सूं आपाहि हो गई सांची
विस का प्याला राणा भेज्या, पीवत मीरा हांसी।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सहज मिले अविनासी।

**प्र.21 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए- 4 अंक**

(क) पंडित अलोपीदीन का लक्ष्मी पर अखंड विश्वास था। वह कहा करते थे कि संसार का तो कहना हीक्या, स्वर्ग में भी लक्ष्मी का ही राज्य है। उनका यह कहना यथार्थ ही था। न्याय और नीति सबलक्ष्मी के ही खिलौने हैं इन्हें वह जैसे चाहती है, नचाती है। लटे ही लेटे गर्व से बोले - चलो, हम आते हैं। यह कहकर पंडित जीने बड़ी निश्चिंतता से पान के बीड़े लगाकर खाय फिर लिहाफ ओढ़ेहुए दरोगा के पास आकर बोले-बाबूजी, आशीर्वाद।

**अथवा** मियां वालिद? मियां नसरूद्दीन की आंखें लम्हा भर किसी भट्ठी में गुम हो गई। लगा गहरी सोच में है- फिर सिर हिलाया - क्या आंखों के आगे चेहरा जिंदा हो गया। हां हमारे वालिद साहब मशहूर थे। मियां बरकत शाही नानबई गढ़ैया वाले के नाम से और उनके वालिद यानि कि हमारे दादा साहिब थे आला नानबाई कल्लन।

प्र.22 आप सुदामा नगर भोपाल में रहते हैं। आपके मोहल्ले में गंदगी व्याप्त है जिससे बीमारियां फैल रही हैं। सफाई व्यवस्था हेतु मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को नगर निगम को पत्र लिखिये? 4 अंक

**अथवा** आपके क्षेत्र में अधिक वर्षा से हुए नुकसान से दुःखी पिता को एक पुत्र का सांत्वना पत्र लिखिए।

**प्र.23 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए- 4 अंक**

(1) वर्तमान समस्याः कोरोना (2) पर्यावरण प्रदूषण (3) विज्ञान ओर समाज
(4) मोबाइल और इंटरनेट का प्रयोग (5) जल ही जीवन है। ●●●